Regarding setting up of a fertilizer factory in Palamu Parliamentary Constituency

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): सभापति जी, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले पलामू और गढ़वा आते हैं। ये दोनों जिले आकांक्षी जिलों की सूची में हैं और यहां की 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी कृषि पर निर्भर करती है, लेकिन दुर्भाग्यवश ये दोनों जिले रेन शैडो एरिया में पड़ते हैं जिसका नतीजा यह होता है कि हर वर्ष या तो अतिवृष्टि होती है या अनावृष्टि होती है और फसलें खराब हो जाती हैं। इस वजह से लोग बेरोजगारी का शिकार हो जाते हैं तथा पलायन के लिए मजबूर हो जाते हैं। यहां किसी प्रकार का कोई उद्योग-धंधा नहीं है जबकि उद्योग-धंधा स्थापित करने के लिए यहां सारी सुविधाएं जैसे जमीन, खनिज, पानी, बिजली वगैरह मौजूद हैं। उद्योग-धंधे के नाम पर एकमात्र कास्टिक सोडा फैक्टरी है, जिसकी उत्पादन क्षमता बहुत सीमित है और रोजगार देने की क्षमता और भी ज्यादा सीमित है। ऐसी परिस्थिति में लोग पलायन करने के लिए मजबूर हो जाते हैं और प्रति वर्ष जब भी रोजगार के लिए झारखंड से बाहर जाते हैं, तो उनकी लाशें वापस आती हैं, जो कि बहुत हृदय विदारक सीन उत्पन्न करती हैं।

सभापति जी, ऐसी परिस्थिति में मेरा आपके माध्यम से माननीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जी से अनुरोध है कि वहां खाद का कारखाना स्थापित करने की कृपा करें ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और कृषि की उपज में वृद्धि हो सके तथा पलायन की समस्या भी समाप्त हो सके।